

# शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद में 29 सितंबर 2023 से 4 अक्तूबर 2023 तक अहिंसा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 3 अक्तूबर 2023 को इतिहास विभाग द्वारा 'शपथ ग्रहण' कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या महोदया डॉ पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्या महोदया ने बताया कि छात्राओं को महात्मा गांधी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। इतिहास विभागाध्यक्षा डॉक्टर रश्मि मलिक ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को शांति और अहिंसा की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि हमें अपने इतिहास के आदर्श व्यक्तित्वों के पदचिह्नों पर चलकर अपने जीवन को संवारना चाहिए एवं महात्मा बुद्ध, महावीर स्वामी और महात्मा गांधी जैसी महान आत्माओं के द्वारा प्रारंभ की गयी अहिंसा की विचारधारा को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग देना चाहिए। इस अवसर पर प्राध्यापिकाएं श्रीमती सोनी गोयल, श्रीमती मीना, श्रीमती रेखा सैनी, श्रीमती निशा एवं कुमारी गीता मौजूद रही।



## Glimpses and Media Coverage of the Event







www.jagatkranti.co.in

### इतिहास विभाग द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

जगत क्रान्ति ⏭ जीन्द

हिंदू कन्या कॉलेज में अहिंसा सप्ताह मनाया गया। जिसके अंतर्गत 3 अक्टूबर 2023 को इतिहास विभाग द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या महोदया डॉ पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्या महोदया ने बताया कि वे महात्मा गांधी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाएं। इतिहास विभागअध्यक्षया डॉ रश्मि मलिक ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को शांति और अहिंसा की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि हमें अपने इतिहास के आदर्श व्यक्तित्वों के पदचिह्नों पर चलकर अपने जीवन को संवारना चाहिए एवं महात्मा बुद्ध, महावीर स्वामी और महात्मा गांधी जैसी महान आत्माओं के द्वारा प्रारंभ की गयी अहिंसा की विचारधारा को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर सोनी गोयल, मीना, रेखा सैनी, निशा एवं कुमारी गीता प्राध्यापिकाएं मौजूद रही।